सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 65 | इंदौर, सोमवार 16 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## चंबल की सबसे छोटी नदी ने मचाई तबाही

### लोगों के घर ध्वस्त, 24 घंटे से लगातार खड़े हैं मवेशी; ग्रामीणों का प्रशासन पर अनदेखी का आरोप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। चंबल संभाग की सबसे छोटी नदी सोन भद्रिका मृगा नदी ने 34 साल बाद तबाही मचाई है। लहार के अंतर्गत आने वाले टोला रावतपुरा गांव में नदी का जलस्तरल करीब 50 फीट से अधिक रहा। बाढ़ के पानी के कारण गांव के करीब 100 से अधिक मकान तहस नहस हो गए।**

भिंड जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर स्थित टोला रावतपुरा गांव है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सोन भद्रिका मृगा नदी ने साल 1990 में आई भयावह बाढ़ की याद को ताजा कर दिया है। गांव में 12 सितंबर की रात बाढ़ का पानी आया जो 13 और 14 सितंबर तक ग्रामीणों के घरों में हिलोरें मारता रहा। नदी का जलस्तर इतना ज्यादा था कि लगभग 2 दिनों के बाद यानी 14 तारीख तक बाढ़ का पानी उतर सका। गांव पूरी तरह से दो दिनों तक जलमग्न रहा। लोगों के लिए गांव का रास्ता 15 सितंबर को खुल पाया।



### सरकार हमारी मदद करे वरना हम कैसे रहेंगे

टोला रावतपुरा गांव के निवासी सरकार से मदद की आश लगाए बैठे हैं। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मदद करेगा। कई लोगों के घर पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। गांव की खेती पूरी तरह बाढ़ के आगोश में है। गांव में अब तक किसी भी नेता या प्रशासन में से किसी के ना आने से चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार हमारी मदद नहीं करेगी तो हम कैसे अपना जीवन यापन करेंगे। सब तो खत्म हो चुका है।

# महाकाल मंदिर समिति को हाईकोर्ट ले जाने की चेतावनी

## प्रसादी पैकेट से नहीं हटाया ऊँ और मंदिर शिखर का फोटो; वकील ने भेजा लेटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। महाकाल की लड्डू प्रसादी के पैकेट से मंदिर के शिखर का फोटो और ऊँ नहीं हट सका है। हाईकोर्ट (इंदौर बेंच) ने इसी साल 24 अप्रैल को अपने आदेश में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को कहा था, दिन (3 महीने) में फोटो और ऊँ हटा लें।

मंदिर समिति ने कोर्ट से मोहलत मांगी थी और निवेदन करते हुए कहा था, 'पुराने पैकेट का स्टॉक खत्म हो जाने दीजिए, नए पैकेट से हटवा देंगे।' 4 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, पैकेट सेम डिजाइन के ही हैं। महंतों की ओर से याचिका लगाने वाले हाईकोर्ट के वकील अभीष्ट मिश्र ने इसे हाईकोर्ट की अवमानना बताया है। महाकाल मंदिर समिति को लेटर भेजकर 10 दिन में फोटो हटाने के लिए कहा है। ऐसा नहीं होने पर दोबारा कोर्ट जाने की चेतावनी दी।

अभीष्ट का कहना है, लेटर में समिति से पूछा है कि फोटो को क्यों नहीं हटाया गया, क्या स्वार्थ है कि आप इसे बदल नहीं पा रहे हैं, ऐसी कौन सी डिजाइन है, जो 4 महीने में भी तैयार नहीं हुई? 'उन्होंने कहा, 'समिति लगातार ऑर्डर पर शहर के क्षीर सागर स्थित पॉलिपैक फैक्ट्री से पैकेट्स बनवा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि पैकेट रोज ऑर्डर देकर बनाए जाते हैं, ज्यादा स्टॉक नहीं रखा जा सकता, क्योंकि धूल और फंगस लग जाएगी।



### डस्टबिन, कचरे के ढेर में मिलते हैं पैकेट ...इससे सनातन का अपमान

हाईकोर्ट के वकील अभीष्ट मिश्र ने इसी साल 19 अप्रैल को हाईकोर्ट (इंदौर बेंच) में महंत सुखदेवानंद ब्रह्मचारी, गुरु श्रीमहंत योगानंद जी, ब्रह्मचारी श्री शंभु पंच अग्नि अखाड़ा, छत्रीबाग, इंदौर और पंडित शरद कुमार मिश्र, गुरु श्री स्वामी राधाकान्ताचार्य जी महाराज श्री दुर्गाशक्ति पीठ, महू जिला इंदौर की ओर से याचिका दायर की थी।

अभीष्ट के मुताबिक, प्रसादी के खाली पैकेट श्रद्धालु फेंक देते हैं। यही पैकेट डस्टबिन और कचरे के ढेर में मिलते हैं। इससे सनातन धर्म का अपमान होता है। इसे लेकर पहले हमने दो बार महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को आवेदन दिए। उन्होंने नहीं सुनी। इसके बाद अप्रैल को महंतों ने मंदिर में प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की। यहां से सिर्फ आश्वासन मिला। फिर हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट ने इसे सही माना।

### श्री प्रसादम लिखना पर्याप्त, डिजाइन की जरूरत नहीं

मंदिर समिति को भेजे गए लेटर में कहा गया है कि प्रसादी के पैकेट में डिजाइन की कोई जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि 'श्री प्रसादम' लिखना ही पर्याप्त है। ऐसे में डिजाइन तैयार करवाने के तथ्य जानबूझकर आस्था से खिलवाड़ है।

### वैष्णो देवी और गोल्डन टेम्पल के पैकेट में सिर्फ नाम

हाईकोर्ट के वकील का कहना है कि अभी जिस पैकेट में महाकाल की प्रसादी दी जाती है, उसमें महाकाल मंदिर का शिखर, ? और शिखर के मध्य में नागचंद्रेश्वर मंदिर का फोटो है। अयोध्या में लाखों पैकेट भेजे गए थे। ये बाद में डस्टबिन में फेंक दिए गए। कोर्ट में हमने बताया कि वैष्णो देवी और गोल्डन टेम्पल के प्रसादी पैकेट में कोई चित्र नहीं रहता।

### विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती जल पुनर्भरण योजना में ...

# इंदौर से 40 गुना ज्यादा पानी जाएगा जमीन के अंदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती नदी जल पुनर्भरण योजना में जमीन के अंदर प्रदेश के सबसे जागरूक शहर इंदौर से 40 गुना ज्यादा पानी जाएगा । इस योजना का क्रियान्वयन होने से नर्मदा नदी में भी पानी का स्तर बढ़ जाएगा ।**

यह जानकारी इंजीनियर मुकेश चौहान ने ताप्ती घाटी वृहद भूजल पुनर्भरण योजना पर अपना प्रस्तुतीकरण देते हुए दी । इस कार्यक्रम का आयोजन डेवलपमेंट फाउंडेशन, अभ्यास मंडल और इंडियन वाटर वर्क्स संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । एसजीएसआइटिएस कॉलेज के सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विश्व की सबसे बड़ी वाटर हार्वेस्टिंग की योजना को प्रस्तुत करते हुए इंजीनियर मुकेश चौहान ने बताया कि इस योजना को तैयार करने से पहले बहुत सारी कोशिश की गई । इस योजना से मध्य प्रदेश के दो जिले खंडवा और बुरहानपुर लाभान्वित होंगे । इसके साथ ही महाराष्ट्र के चार जिले भी इससे लाभान्वित होंगे ।

चौहान ने बताया कि इस नदी के बेसिन में यदि हम बारिश के पानी के संग्रहण की योजना तैयार करते हैं तो कई मिलियन गैलन पानी को समुद्र में जाकर मिलने से रोक सकेंगे । बुरहानपुर क्षेत्र में जहां केले की खेती सबसे ज्यादा होती है वहां पानी की समस्या भी सबसे ज्यादा है । इस योजना के क्रियान्वयन से इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबसे जागरूक इंदौर शहर को माना जाता है । इस शहर में इंदौर नगर निगम और राज्य सरकार के द्वारा लगातार बारिश के मौसम में नागरिकों के घरों पर आने वाले पानी को जमीन के अंदर पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर शहर के तीन लाख मकान का यदि पूरा पानी जमीन के अंदर भेज दिया जाए तो भी 18 एमसीएम पानी जमीन के अंदर जाता है । इस ताप्ती योजना से इससे 40 गुना पानी जमीन के अंदर जाएगा । सरकार द्वारा बनाए गए सरदार सरोवर बांध और इंदिरा सागर बांध में मिलाकर जितना पानी है उससे ज्यादा पानी ताप्ती नदी में है । इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के के सोनगरिया, कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी मुकुंद कुलकर्णी ने भी संबोधित किया। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, नगर निगम के पूर्व सभापति अजय सिंह नरूका, पूर्व पार्षद सूरज केरो, इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष हरिनारायण यादव, इंदौर नगर निगम के पूर्व आयुक्त सी बी सिंह, इंजीनियर अतुल सेठ, यूके जैन, जीएसआइटीएस के डायरेक्टर विजय रोडे उपस्थित थे ।

# गणेश महोत्सव में भजन सुनाकर महिलाओं ने समां बांधा

### बप्पा को लगा 56 भोग , महाआरती में महाराष्ट्र की दिखी झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एम आर फोर महालक्ष्मी नगर में गणेश महोत्सव के पांडाल में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वही बप्पा को 56 भोग का प्रसाद लगाया गया । महाआरती में मात्रशक्तियो ने महाराष्ट्र की वेशभूषा में आरती की ।**



एम आर फोर महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के ठाकुर संतोष सिंह ने बताया कि पण्डाल में महिलाओं ने गजानन्द महाराज के भजनों से भजन संध्या का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक चला। भगवान को 56 भोग लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल पदाधिकारी राहुल बन्ना दीपक साहूकार बीएस राजपूत दरबार सिंह राजेश पंचोली देव पंचोली आशुतोष शर्मा अखिलेश जैन आरव जैन भीषम कटारिया राजेश जसवानी प्रतीक द्विवेदी अनिल मिश्रा पंकज रिमझा चेतन व्यास रितेश व्यास पलाश वैद्य हर्ष अग्रवाल विकास मंडलोई जेपी शर्मा हेमंत जैन आशीष जैन मनीष चौरसिया सिंह साहब उमेश प्रसाद निगम बंसी अग्रवाल गगन मलिक गोविंद पटेल राहुल शुक्ला राजकुमार जवेरी राजेंद्र श्रीमाली एलेश शाह नायर राय प्रमुख अतिथि संजय कटारिया नरेंद्र झरिया आदि मौजूद थे।

## मेट्रो के एमडी ने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्य देखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिसम्बर में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरु करने के लिए बचे हुए कार्यों को पूरा किया जा रहा है। मेट्रो रेल कम्पनी के एमडी लगातार इन कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे है। साथ ही संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों तथा कान्ट्रेक्टरों से चर्चा कर जानकारियां हासिल कर रहे है। वे पिछले तीन दिनों से इंदौर में रहकर दौरे और बैठके ले रहे है। दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन का दौरा किया था। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अभी तक हुए कार्यों की एक रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है, जो आगामी दिनों में होने वाली बैठक में रखी जाएंगी।**

जानकारी के मुताबिक मेट्रो कम्पनी के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने रविवार को अवकाश वाले दिन मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर की साप्ताहिक प्रगति को लेकर गाँधी नगर मेट्रो डिपो और स्टेशनों का निरिक्षण किया एवं कमर्शियल रन के लिए शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एमडी द्वारा सबसे पहले गांधीनगर डिपो का निरीक्षण किया गया जहां इन्स्पेक्शन-बे, अनलोडिंग-बे, सब-स्टेशन इत्यादि कार्य देखे। उसके उपरांत गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 तक चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। एमआर - 10 स्थित बन रहे रिसीविंग सब-स्टेशन भी देखा।

## नारायण सेवा संस्थान का विशाल निःशुल्क नारायण लिम्ब शिविर

### प्रदेश के 766 दिव्यांगों की जिंदगी हुई रोशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उदयपुर राज. की प्रतिष्ठित संस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर फूटी कोठी, रिंग रोड,इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में आयोजित हुआ।**

संस्थान ने इस शिविर में एमपी प्रदेश के 766 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और केलिपर्स लगाकर उनकी रुकी जिंदगी को फिर से गति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी , समाजसेवी पारस कटारिया, डॉ. रामचन्द्र माहेश्वरी, डॉ. मनोरमा माहेश्वरी अनिल भण्डारी,अनिल रांका, रमेश श्रीवास्तव, कैलाश गामा, किशोर कस्तूरिया, अमित जोशी एवं दीपक कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का श्रीगणेश किया।

अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल कहा हमने दिव्यांगजनों को उनके घरों के पास ही लाभान्वित करने की सोच को साकार करते हुए 2 जून को इंदौर में कैंप लगाया था। जिसमें 1300 से ज्यादा रोगी आये उनमें से 766 दिव्यांगों को नारायण लिंब व केलिपर्स के लिए चयनित किया। जिन्हें आज आपके समक्ष नई जिंदगी मिल रही हैं। इसमें 30 प्रतिशत 18 साल से कम आयुवर्ग के थे और 45 प्रतिशत वयस्क तो 25 प्रतिशत महिला वर्ग से थे। समाज सेवी पारस कटारिया ने भी दिव्यांगों व दानवीरों को संबोधित किया। शिविर प्रभारी एवं संयोजक रोहित तिवारी ने अतिथियों का धन्यवाद अर्पित किया। संचालन महिम जैन ने किया।



## शिक्षक सम्मान समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

'साहित्यिक समाजिक संस्था अखंड संडे परिवार इंदौर' के बेनर तले शा. प्रा. वि. तलावली में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुकेश इंदौरी जी अध्यक्ष संस्था अखंड संडे परिवार इन्दौर, विशेष अतिथि, श्री प्रशांत त्रिवेदी जी निर्वाचन पर्यवेक्षक देपालपुर व अध्यक्षता सरपंच श्री कपिल परमार जी द्वारा की गई।

कार्यक्रम में भागवत भूषण व्यास पीठाधीश श्री कुलदीप शर्मा जी द्वारा अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। तद् उपरांत शिक्षक गण सर्वे श्री गोरी शंकर नागर, राजेश वर्मा जी, रामचन्द्र शर्मा जी जनशिक्षक तुलसीदास बैरागी जी प्रविण देव जी ओमप्रकाश मरमट जी, त्रिलोक मोर्य जी, का सम्मान सरपंच कपिल परमार जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कैलाश परमार द्वारा व आभार प्रदर्शन श्री गणेश कोली द्वारा किया गया। आयोजन में उपसरपंच श्रीकमल परमार, बाबुलाल जी परमार सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पश्चिम क्षेत्र की बिजली योजनाओं का लेह में प्रस्तुतिकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय, पावर फायनेंस कार्पोरेशन के तत्वावधान में आरडीएसएस व अन्य महत्वपूर्ण विद्युत परियोजना एवं बेस्ट प्रैक्टिस को लेकर प्रशिक्षण सह नालेज शेयरिंग सत्र का अखिल भारतीय स्तर का आयोजन लेह में आयोजित हुआ। इसमें मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी इंदौर के स्मार्ट मीटर परियोजना निदेशक श्री रवि मिश्रा और आरडीएसएस परियोजना निदेशक श्री एसएल करवाड़िया ने भाग लिया। इन्दौर से लेह पहुंचे दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्मार्ट मीटरों से शासन व उपभोक्ताओं के हित उद्देश्यों की पूर्ति, उपभोक्ता संतुष्टि लाइन लास घटाने , राजस्व संग्रहण बढ़ाने, आपूर्ति में सुधार व निकट भविष्य में प्रस्तावित प्री पेड विद्युत प्रदाय प्रक्रिया, आरडीएसएस योजना का क्रियान्वयन, आबादी व कृषि क्षेत्र की सौर ऊर्जा योजना, विद्युत खरीदी दर घटाने के प्रयास, रबी सीजन में लोड मैनेजमेंट इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर इंदौर क्षेत्र में हो रहे कार्य व प्रयासों की जानकारी दी गई। अखिल भारतीय स्तर के आयोजन में इंदौर को मिले महत्वपूर्ण मंच व उपलब्धि को लेकर पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान आदि अधिकारियों ने बधाई दी है।

## आगरा यात्री प्रतीक्षालय मामले में सत्ताधारियों के आगे नतमस्तक एसडीम

### यात्री प्रतीक्षालय में आमजनता के बैठने की जगह लगती है सब्जी की दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर। ग्राम पंचायत आगरा में सरपंच के पिता ने यात्री प्रतीक्षालय पर कही दिनो से कब्जा जमा रखा है और सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर अपने निजी व्यापार व्यवसाय में इस्तमाल कर रहे थे आम आदमी और महिलाए सड़क किनारे खड़े रहते हैं। कही बार हादसा होने का भी डर बना रहता है।**

मामला देपालपुर प्रेस क्लब टीम के संज्ञान में आया और लगातार खबरें प्रकाशित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री प्रतीक्षालय पर सब्जी की दुकान गांव के ही सरपंच मनोज छाडीया के पिता ही लगाते है। सरपंच मनोज राजनितिक पार्टी से जुड़ा है और इसीलिए अपना राजनितिक रसूख दिखाने में पीछे नहीं हटता इसीलिए मनोज के पिता ने सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर कब्जा जमा रखा है ज्ञात रहे इन्दौर देपालपुर का मुख्य मार्ग है क्या किसी जिम्मेदार अधिकारी को यह कब्जा नजर नहीं आया या फिर अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव है इसलिए वह कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। आगरा ग्राम पंचायत में कही महत्वपूर्ण समस्याएं हैं कभी पानी की समस्या आती है तो कभी कचरा रोड पर पड़ा रहता है पूर्व में भी गांव की महिलाएं डब्बों से पानी लाने को मजबूर थी गांव में सरकार ने 3 बोरिंग दिए है पर अभि एक ही बोरिंग चल रहा है कही बार 1 बोरिंग भी बंद हो जाता है पुर्व में भी पानी के मामले में जनपद सीईओ को घेरा था सीईओ ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे

इस मामले में प्रतिनिधि ने हातोद एसडीएम अजय भूषण शुक्ला से बात की गई तो उन्होने कहा हम कार्यवाही करेंगे लेकीन एसडीएम के कार्य शैली से लगाता है की मामला सत्ता पक्ष का होने के कारण कार्यवाही करने में आना कानी कर रहे अब तक मौके पर किसी भी आधिकारी को देखने तक नही बेजा इससे साफ प्रतीत होता है की एसडीएम कार्यवाही करने में लापरवाही बरत रहे है। या सत्ता पक्ष के नेताओ के दबाव में काम कर रहे है।

## सोनारवाड़ा में गणेश उत्सव के तहत जत्रा का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सोनारवाड़ा: अहीर स्वर्णकार समाज इंदौर द्वारा आयोजित गणेश उत्सव के अंतर्गत आज समाज भवन में जत्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि शेखर विष्णु सेठ धारकर और श्रीमती संध्या शेखर धारकर रहे। जत्रा का उद्घाटन श्री शेखर धारकर और संध्या धारकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जबकि रॉबिन काटकर ने उद्घाटन प्रक्रिया में सहकार्य किया।समाज के अध्यक्ष दीपक पेठकर ने बताया कि यह संस्था 114 वर्षों से सक्रिय है और पिछले 78 वर्षों से सोनारवाड़ा में गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह समाज के उत्सव मंत्री नितिन धारकर ने जानकारी दी कि जत्रा में आए अतिथियों और स्टाल लगाने वाले समाज के सदस्यों को वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट के लिए ईमेल करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

## दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड 21 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 21 सितंबर 2024 को दादा साहेब फाल्के फैशन आइकॉन लाइफस्टाइल अवॉर्ड एवं द ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीजन 1 का आयोजन केके ब्रदर फिल्म के द्वारा होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो इंदौर के मैरियट होटल में आयोजित होगा।**

इस बार इंदौर में बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा, जिन्हें फिल्म में मुन्नी के किरदार से पहचान मिली, वे मुख्य अतिथि के रूप में इस अवॉर्ड शो में शिरकत करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करना है। हर्षाली मल्होत्रा, कुलदीप खरे, राजा रेंचो एवं कवि पंकज दीक्षित की उपस्थिति न केवल इस इवेंट का आकर्षण बढ़ाएगी, बल्कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देगी। के के ब्रदर्स के फाउंडर कृष्णा खरे, कुलदीप खरे ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में न केवल फैशन और लाइफस्टाइल के क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों का जमावड़ा होगा, बल्कि इंदौर के स्थानीय कलाकारों और उभरती प्रतिभाओं को भी एक मंच मिलेगा। इवेंट में रेड कार्पेट, सेलिब्रिटीज की शानदार मौजूदगी और अवॉर्ड्स का भव्य वितरण होगा। यह आयोजन उन सभी के लिए खास होगा जो फैशन, बिजनेस, और सोशल वर्क के क्षेत्र में कुछ अलग करने का सपना देखते हैं।

# 12वीं कक्षा के स्टूडेंट की हत्या

## भंडारे में विवाद के बाद आरोपियों ने घेरकर हमला किया, सीने के आरपार निकला चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में रविवार रात छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। गणेशोत्सव के दौरान गौरी नगर इलाके के नजदीक भंडारे का आयोजन किया गया था। यहां दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसमें अभिजित (20 साल) की हत्या हो गई। जबकि उसका एक साथी गंभीर घायल है। उसका उपचार चल रहा है।**

पुलिस के मुताबिक भंडारे में अभिजित का सचिन वर्मा सहित एक अन्य बदमाश से विवाद हो गया था। तब उन्हें वहां मौजूद लोगों ने भगा दिया था। कुछ देर बाद तीन बाइक पर छह से ज्यादा बदमाश वहां पहुंचे और अभिजित व उसके दोस्त सौरभ पर चाकुओं से हमला कर दिया।

एक चाकू अभिजित के सीने से आरपार हो गया। उसे तत्काल भंडारी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल ले जाने की सलाह दी। एमवाय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोस्त सौरभ के सीने में भी चाकू लगा है। उसका उपचार एमवाय में चल रहा है।

### हत्याकांड में आठ आरोपी, सभी हिरासत में

पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड में करीब 8 लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्हें रात में ही हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने सचिन वर्मा, मनीष यादव, युवराज यादव, नीरज कोरी, निखिल कोरी, अंकित, अक्षय व अमित अहिरवार को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### मामा के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था अभिजित

अभिजित के पिता पेशे से किसान हैं। वह गुना के अशोक नगर का रहने वाला है। अभिजित के परिजनों ने पुलिस को बताया कि अभिजित इंदौर में उसके मामा के साथ रहता था। वह यहां सात साल से रह रहा है। वह 12वीं क्लास का स्टूडेंट था। अभिजित का भाई रणजीत भी मामा के साथ ही रहता है।

# देपालपुर में चोरों का आतंक किराना व्यापारी के दुकान के तोड़े ताले

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे कही सवाल 10 दीन पहले भी क्षेत्र हुई चोरी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर** । बेटमा रोड़ स्थित अंशुमन स्कूल के समीप वासुदेव कृष्णा किराना दुकान को चोरों ने निशाना बनाया है हजारों रुपए के माल चोर ले उड़े दुकान मालिक वासुदेव ने बताया की रात्रि 1,30 से 2 बजे के लगभग नकाबपोश बदमाश ताला तोड़ दुकान में रखा तेल, शकर, मिर्ची, गुटखा, बीड़ी,सिगरेट, चायपत्ती, आदि सामान और 6000 रु नगदी चोर ले उड़े सीसीटीवी कैमरों में भी साफ नज़र आ रहा है दो चोर दुकान के अंदर सामान को बोरे में भर रहे थे ज्ञान रहे आज से ठीक 10 दीन पहले चोरों ने इसी रोड़ पर 5 स्थान पर चोरी की थी जिसमें आईडीएफसी बैंक के भी ताले तोड़े गए थे और सामान को तहस नहस कर दिया था श्रीराम स्टोन से चोर 45000रु नगदी भी ले उड़े थे।

देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल की लापरवाही लगातार सामने आ रही है 10 दिन पहले चोरी हुई वह चोर पुलिस की गिरफ्त में आजतक नहीं आए और आज रात्रि में चोरों ने किराना दुकान में हाथ साफ कर दिया क्या देपालपुर पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही या पुलिस अपना ढीला रवैया अपना रही है।

देपालपुर पुलिस डॉग स्क्वायड बुलाती तो पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगाता पर पुलिस केवल सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोर पकड़ने में लगी है।

# मामा ससुर के बेटे पर पीड़िता ने दर्ज कराया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मामा ससुर के बेटे ने भाभी से दुष्कर्म किया और उसे राजस्थान में बेच दिया। पीड़िता का आरोप है कि यहां पर किसी से उसकी शादी भी करवा दी। भंवरकुआ पुलिस ने पीथमपुर में रहने वाली एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर रेप का केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना 14 जुलाई की है। इलाके की एक ऑटो डील शॉप पर कार दिखाने के बहाने राजा सोलंकी अपने साथ पीथमपुर की महिला को लेकर आया। यहां से अपने साथ बहला-फुसलाकर जयपुर ले गया। होटल में रुककर महिला के साथ रेप किया। आरोप है कि इसके बाद में उसने राजस्थान के एक व्यक्ति को उसे बेच दिया। बाद में पीड़िता परिवार के साथ थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### शादी का झांसा देकर रूप, रुपए भी ऐंठे

उधर, तिलक नगर पुलिस ने 22 साल की युवती की शिकायत पर रेप करने, धोखा देने और रुपए ऐंठने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से उसकी पहचान यहां किराये से रहने के दौरान हुई थी। तब युवती यहां फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। बाद में आरोपी उसे दिल्ली ले गया। पत्नी बनाकर रखा, लेकिन शादी नहीं की। बाद में पीड़िता इंदौर आ गई और परेशान होकर रेप का केस दर्ज कराया है। तिलक नगर थाना प्रबारी अजय नायर के मुताबिक युवती पेशे से ब्यूटीशियन है। उसने बताया कि वह सतवास की रहने वाली है। 2020 में वह पढाई के लिए इंदौर आ गई। 2021 में उसने बंगाली चौराहे पर किराये का कमरा लिया। उसी दौरान गोपाल विश्वास से मुलाकात हुई। वह मकान मालिक के बेटे का दोस्त है। बातचीत में एक दूसरे को पंसद करने लगे। इसके बाद गोपाल पीड़िता के साथ किराए का घर लेकर लिव इन में रहने लगा। शादी का झांसा देकर कई बार रेप किया। यहां से वह पीड़िता को दिल्ली के वेस्ट विहार में ले गया। वहां पीड़िता की पढाई छुड़ाकर ब्यूटीशयन का काम कराने लगा। गोपाल ने उसके नाम से लोन भी ले लिया। लेकिन यहां गोपाल को एक युवती से बात करते देख पीड़िता इंदौर आ गई। लेकिन गोपाल यहां उसके पीछे आया और मूसाखेड़ी में किराए का घर लेकर रहने लगा। लेकिन गोपाल यहां भी दूसरी महिला से बात करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की कि गोपाल काफी समय से शादी का झांसा देकर उसे धोखा दे रहा है।

## सेल्फी ले रहे थे, बदमाश ले भागे मोबाइल

**इंदौर**। सेल्फी ले रहे युवकों से दो बदमाश मोबाइल छीन कर भाग गए। इस मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक अयान खान ने बताया कि वह अपने दो दोस्त अब्दुला और अरशान के साथ गांधी हॉल घूमने गया था। शनिवार रात करीब 11.30 बजे सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान वहां पर दो युवक पहुंचे। उन्हाँने पहले आपस में झगड़ा किया। इसके बाद वे अयान और अब्दुला से विवाद करने लगे। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल छीन लिए और धमकाते हुए वहां से भाग गए। बाद में पीड़ित युवक थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**पर्यावरण संरक्षण को लेकर खास पहल**

# भगवान गणेश पण्डाल में भक्तों को प्रसाद में बांटे पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महालक्ष्मी नगर एम आर फोर के रहवासी संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर खास पहल की जा रही है. यहां गणेश समूह की ओर से दर्शन करने पहुंच रहे भक्तों को प्रसाद के साथ पौधा भी वितरण किया जा रहा है, ताकि भक्त पौधा अपने घर पर लगा सकें। उसकी देखरेख भलीभांति कर सकें।**



महालक्ष्मी नगर एम आर फोर रहवासी संघ युवा मण्डल अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह ने बताया कि भक्तों को प्रसाद के साथ पौधा देकर उस पौधे का संरक्षण कर पौधे को बड़ा कराने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है साथ ही पर्यवरण सुरक्षा को लेकर लोगों से अपील की गई है । आज महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी मोहन सेंगर ने आरती कर भगवान गणेश जी का पूजन अर्चन कर भक्तों को प्रसाद में पौधे बाटे । इस अवसर पर श्री सेंगर ने कहा की त्योहारों के अवसर पर एवं उनके उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों का बड़ा महत्व है। बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ जीत की भावना भी विकसित करते हैं । विद्वानों के अनुसार गणपति प्रकृति और पर्यावरण का विराट रूप हैं। यह भी माना गया है कि गणपति अपने साथ हर साल केवल त्योहारों की रौनक नहीं लेकर आते हैं, बल्कि प्रकृति कैसे हमारी संस्कृति, सभ्यता और मानव जीवन से जुड़ी हुई है ।

# इंदौर के दो मेडिकल स्टूडेंट्स डैम में डूबे, मौत

**◆ पन्ना घूमने गए थे तीन दोस्त; पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के दो मेडिकल स्टूडेंट की पन्ना में डैम में डूबने से मौत हो गई। एमजीएम कॉलेज में एमबीबीएस फस्ट ईयर के तीन छात्र धवारी बांध घूमने पहुंचे थे। नहाने के दौरान एक छात्र पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने गया दूसरा छात्र भी डूब गया।**

थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन ने बताया कि अजयगढ़ का रहने वाला कृष्णा गुप्ता अपने दो दोस्तों अरविंद प्रजापति (उमरिया) और राजस्थान के अभिषेक बैरवा के साथ घूमने आया था। हादसे में कृष्णा और अरविंद की मौत हो गई।

### दोस्त बोला- आंखों के सामने डूब गए दोनों

हादसे में बचे अभिषेक बैरवा ने बताया कि अरविंद गहरे पानी में डूब रहा था। उसे बचाने के लिए कृष्णा भी पानी में चला गया। दोनों ही डूबने लगे। यह देखकर मैंने आसपास के लोगों से मदद मांगी। जब तक लोग वहां पहुंचे तब तक दोनों डूब चुके थे। लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और लोगों ने छात्रों को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बहनें उठा रही थी कृष्णा के पढ़ाई का खर्चा

कृष्णा गुप्ता माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। उसकी तीन बहनें हैं। दो बड़ी बहन मानसी और मीनाक्षी सिलाई-कढ़ाई कर घर का खर्च चलाती हैं। कृष्णा की पढ़ाई का खर्च भी उठा रही थी। कृष्णा नवोदय विद्यालय का टॉपर स्टूडेंट भी रहा है। पड़ोसी बबलू कुशवाहा ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग धवारी डैम पहुंचे। यहां करीब आधा घंटे तक दोनों की तलाश की।

## दो मकानों में घुसे चोर

**इंदौर**। दो मकानों में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बेटमा पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात धार रोड परशनि मंदिर के सामने मकान में हुई। फरियादी महिपाल सिंह पिता भंवरसिंह राठौर निवासी ग्राम मोथला की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

अज्ञात आरोपी फरियादी के घर से सोने का लाकेट,एक एयरगन और नकदी रूपए चुरा ले गए। इसी प्रकार तिलकनगर पुलिस ने फरियादी हर्षिल कुमार जैन निवासी ब तावरराम नगर की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मैं अपने दोस्त प्रदीप वर्मा व प्रतीक जैन के साथ सो रहा था। सुबह 6.50बजे मोबाइल मनें अलार्म बजा तो मैं उसे बंद कर वापस सो गया। सुबह जब नींद खुली तो देखा तो मेरा मोबाइल, दोस्त का लैपटाप, पर्स आदि गायब है। पर्स में तीन हजार रूपए भी रखे थे। इधर थाना भंवरकुआं इलाके में विद्या नगर स्थित सत्कार गर्ल्स होस्टल कैंपस में रह रही फरियादी सदफ खान निवासी बालाघाट का लैपटाप चोरी हो गया।

# देवास के छह लोगों की बूंदी में मौत

## टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, फिर क्रेन से निकाले शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। देवास जिले से खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने जा रहे लोगों की कार कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (एनएच 21) पर बूंदी में हादसे का शिकार हो गई। रविवार सुबह करीब चार बजे हुए इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं से भरी इको कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू की है। हादसा इतना भयानक था कि पुलिस कार को में फंसे शवों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से शव बाहर निकाले गए।**





बूंदी एसपी उमा शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल लोगों को पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल हुए मनोज पुत्र रवि नायक निवासी पोखर खुर्द, प्रदीप पुत्र मांगीलाल निवासी धांसड और अनिकेत पुत्र राजेश निवासी बेडाखाल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये सभी लोग देवास के ही रहने वाले हैं। प्रदीप की हालत गंभीर है, प्राथमिकी उपचार के बाद उसे कोटा रेफर कर दिया गया है। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद कार सवार सभी लोग उसमें बुरी तरह फंस गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस को शव निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। इसके बाद क्रेन को बुलाकर उसकी मदद से शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने सभी मृतकों के शव पीएम के लिए शवघर भेज दिए गए और उनके परिजनों को सूचना देकर बुलाया।

**इनकी हुई मौत-** कार में सवार मदन पुत्र शकरू नायक निवासी बेडाखाल, मांगीलाल पुत्र ऊंकार निवासी बेडाखाल, महेश पुत्र बादशाह निवासी बेडाखाल, राजेश और पूनम की मौत हो गई, जबकि एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ये सभी लोग देवास जिले के ही रहने वाले थे।

## मिसेज सेंट्रल इंडिया नेहा तिवारी का क्राउन चोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल के भोजपुर क्लब से मिसेज सेंट्रल इंडिया का क्राउन चोरी चला गया है। नारी शक्ति सम्मान समारोह के दौरान घटना हुई है। नेहा तिवारी ने 2023 में मिसेज सेंट्रल इंडिया का खिताब जीता था। नेहा के लिए यह क्राउन इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि उन्हें कोरिया में होने वाले इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन मिसेज इंडियन ओशन 2024 में पार्टिसिपेट करना है। यह कॉम्पिटिशन अगले हफ्ते ही है। क्राउन के चोरी होने के बाद नेहा के अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पर संकट आ गया है। नियमों के अनुसार वे बिना ताज के कोरिया में होने वाले कॉम्पिटिशन में भाग नहीं ले पाएंगी। घटना शनिवार शाम की है। रविवार शाम नेहा की ओर से हबीबगंज थाने में शिकायती आवेदन भेजा गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम का समापन हो रहा था। फोटोशूट चल रहा था। उन्होंने क्राउन को स्टेज के करीब रखी टेबल पर रख दिया था। 10 मिनट बाद वे क्राउन लेने पहुंची तो वो गायब था।

## 8 साल की बेटी से रेप के बाद हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना के चाचौड़ा में कुएं में मिली 8 साल की बच्ची की लाश के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बच्ची की रेप के बाद हत्या की गई। आरोपी उसका ही पिता है। हत्या के बाद आरोपी ने तौलिया से हाथ-पैर बांधकर शव कुएं में फेंक दिया था। बच्ची बुधवार से लापता थी। परिवारवालों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि जन्म से ही बच्ची से नफरत करता था। वह लड़का चाहता था। चांचौड़ा थाना प्रभारी मचल सिंह मंडलीय ने बताया कि रविवार सुबह बच्ची का अंतिम संस्कार होते ही आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती करने पर उसने वारदात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि पहले तौलिया से बच्ची का एक हाथ और पैर बांधा। इसके बाद उसे कुएं में फेंक दिया। इससे पहले, खेत पर ले जाकर रेप भी किया था।

# पिता की जगह पर पढ़ा रहा था बेटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने एक स्कूल में निरीक्षण के समय शिक्षक की जगह पर उनके बेटे को पढ़ाते हुए पकड़ा। माध्यमिक विद्यालय चोलना में पदस्थ शिक्षक चमन लाल कंवर एक महीने से अनुपस्थित थे, उनकी जगह बेटा बच्चों को पढ़ा रहा था। बीआरसी की शिकायत पर शिक्षक और बेटे पर मामला दर्ज किया गया है।**



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया, और फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरसी (एफएलएन) मिशन के क्रियान्वयन का जायजा लिया। विकासखंड जैतहरी के माध्यमिक शाला चोलना में निरीक्षण दौरान अनाधिकृत रूप से शिक्षक का बेटा पढ़ाते हुए मिला। शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षक चमन लाल कंवर और दोनों अतिथि शिक्षक विद्यालय में नहीं मिले। शिक्षक चमन लाल कंवर का बेटा राजेंद्र प्रताप सिंह आठवीं की कक्षा में पढ़ाते हुए मिले। मौके पर बच्चों और प्राथमिक खंड की महिला शिक्षिका ने बताया कि शिक्षक चमन लाल कंवर विगत एक माह से बीमार हैं, जिससे उनके स्थान पर उनके पुत्र द्वारा सेवा दी जा रही हैं।

## चंबल नदी की बाढ़ के साथ आ गया मगरमच्छ, ग्रामीणों ने पकड़कर रस्सी से बांध नदी में छोड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड**। भिंड जिले में चंबल नदी बाढ़ पर है। बाढ़ के पानी के साथ मगरमच्छ नदी से करीब डेढ़ किलोमीटर चौम्हों गांव में पहुंच गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को रस्सी से भैंस की तर्ज पर बंधक लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने चंबल नदी में छोड़ा। चंबल नदी में बाढ़ के पानी के साथ करीब डेढ़ से दो किलोमीटर मीटर दूर चौम्हों गांव के नजदीक एक मगरमच्छ आ गया। मगरमच्छ आने की खबर से ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने जलीय जानवर को घेर लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर मगरमच्छ पर काबू पाया और उसके गले में रस्सी बांधने में सफल रहे। रस्सी का दूसरा शिरा बबूल के पेड़ से बांध दिया, जिससे मगरमच्छ भाग न सके। इसके बाद ग्रामीणों ने एकत्रित होकर चंबल नदी में छोड़ दिया। बता दें भिंड जिले के करीब 100 गांव के रहवासियों की सांसें हलक में अटकी थी। सिंध का जल स्तर डेंजर जोन से 6 मीटर ऊपर बह रहा था। इस कारण से सिंध के किनारे बसे 33 गांव के आसपास पानी पहुंच चुका था। करीब एक दर्जन गांव में पानी घरों में घुस गया था। शनिवार रविवार की रात सिंध नदी में तेजी से पानी उतरा है। अब यह पानी मेंहदा घाट पर खतरे के निशान पर आ चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंध नदी का जलस्तर गिर रहा है और खतरे के निशान से शाम तक नीचे पहुंच जाएगी।

## विदेशों से बड़ी संख्या में इस्कॉन पहुंचे भक्त, 17 को मनाया जाएगा चारु महाराज का आविर्भाव दिवस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन भरतपुरी स्थित इस्कॉन में देश विदेश से 100 भक्तों का आगमन हो गया है। 17 सितंबर को देश-विदेश से आए बड़ी संख्या में भक्तों की अगुवाई में परम पूज्य भक्ति चारु स्वामी महाराज का आविर्भाव दिवस मनाया जाएगा। पीआरओ राघव पंडित दास के अनुसार भक्तों में मुख्यतः 'जापान, अमेरिका, मॉरीशस, मलेशिया, बेल्जियम, यूके, सिंगापुर और यूरोप के अन्य देशों से आगमन हुआ है। कार्यक्रम ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रभुपाद के शिष्य के संस्मरण सुनाए। दिन में सुरभि माताजी कैवल्य प्रभु, शमिक ऋषि प्रभु, वासु घोष प्रभु ने और भक्ति जीव व्रजानंद स्वामीजी महाराज ने उनकी महिमा बताई। श्रीकृष्णा चैतन्य स्वामीजी महाराज ने भी प्रभुपादजी की महिमा का गान किया। इस अवसर पर धर्मस्व विभाग के संचालक और उज्जैन के संभागायुक्त संजय गुप्ता ने भी पुष्प सुमन प्रभुपाद को अर्पित किए। सुबह एक दीक्षा अनुष्ठान किया गया। इसमें लगभग 101 भक्तों को परम पूज्य भक्ति प्रेम स्वामीजी महाराज ने दीक्षा प्रदान की। दीक्षा के महत्व पर परम पूज्य चंद्रमौली स्वामीजी महाराज ने बताया।

## संपादकीय

# संकट में महिला सुरक्षा

इससे ज्यादा त्रासद और शर्मनाक और क्या होगा कि जिस समय कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार और हत्या की घटना पर समूचे देश में दुख और आक्रोश का भाव है, उस समय भी देश के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। लगता है, न तो अपराधियों के भीतर कोई खौफ रह गया है और न सरकारों को इस बात की जरूरत लगती है कि महिला सुरक्षा को लेकर चौकसी बढ़ाई जाए। मध्यप्रदेश के उज्जैन में हाल ही में सरेआम सड़क किनारे बलात्कार की एक घटना ने राज्य में सरकारी तंत्र और वहां की खोखली सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जाहिर की थी। मगर सरकार को कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत नहीं लगी। अब इंदौर जिले के महू में एक पर्यटन स्थल जामगेट पर मंगलवार देर रात सेना के दो प्रशिक्षु अफसरों और उनके साथ गई महिला मित्रों से लूट और एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की खबर सामने आई है। यह घटना एक बार फिर यही दर्शाती है कि अपराधी तत्त्व राज्य में खुलेआम घूम रहे हैं और कानून-व्यवस्था एक तरह से निष्क्रिय है। हैरानी की बात यह है कि महू में लूटपाट और कथित बलात्कार की घटना जिस जगह हुई, वह सेना के 'फायरिंग रेंज' में है और उसे पर्यटन स्थल के तौर पर भी जाना जाता है। वहां सात-आठ अपराधियों के एक समूह ने सेना के दो प्रशिक्षु अफसरों और उनकी दो महिला मित्रों पर हमला कर दिया। हत्या की धमकी देते हुए उनसे दस लाख रुपए मांगे और एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार किया। यों तो मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में खुद को बेहद संवेदनशील बताती रही है, अपराधियों के खिलाफ अधिकतम सख्ती बरतने और कड़ी सजा दिलाने का दावा करती है, मगर हकीकत यह है कि वहां महिलाएं कहीं भी खुद को सुरक्षित नहीं पा रहीं। सवाल है कि जब सेना के प्रशिक्षु अफसरों के खिलाफ और 'फायरिंग रेंज' जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में भी अपराधी बेखौफ जघन्य वारदात को अंजाम दे सकते हैं, तो राज्य में आम लोग कितने सुरक्षित हैं!

### अर्ज़ किया है..!

*वो पल में जल-बुझा और*
*ये तमाम रात जला*
*हज़ार बार पतिंगे से है*
*चराग़ भला*

*- वली उज़लत*

isha



***परिस्थिति चाहे जैसी हो, क्या आप एक बेहतर इंसान बन रहे हैं, जिसमें संतुलन, आनंद और स्पष्टता बढ़ती जा रही है? क्या आप विकास कर रहे हैं? बस यही सवाल है।***

**- जग्गी वासुदेव**

## सैर-सपाटा

# पितरों से आशीर्वाद पाने के लिए इन जगहों पर किया जाता है पिंड दान

**मिलता है मोक्षपितरों से आशीर्वाद पाने के लिए इन जगहों पर किया जाता है पिंड दान, मिलता है मोक्ष**

इस साल पितृ पक्ष की शुरुआत 17 सितंबर से हो रही है। इस दौरान लोग अपने पिंड दान करते हैं। हिन्दू धर्म में पिंड दान करना बेहद ही शुभ माना जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। पिंड दान और श्राद्ध के लिए भारत की कुछ जगह बहुत फेमस हैं। जानिए, उन जगहों के बारे में।





### ◆ बोध गया

बिहार में गया पिंडदान के लिए एक फेमस जगह है। फल्गु के तट पर लगभग 48 चबूतरे हैं जहां ब्राह्मण पंडितों द्वारा पिंडदान कराया जाता है। माना जाता है कि यह अनुष्ठान दिवंगत की आत्मा को पीड़ा से मुक्त करता है।

### ◆ वाराणसी

वाराणसी भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक गंगा के तट पर बसा है। यह भगवान शिव और पार्वती का उपरी भाग है। यहां गंगा घाट पर पिंडदान करने की प्रथा है।



### ◆ हरिद्वार

हरिद्वार भारत के सबसे पवित्र तीर्थ स्थानों में से एक है। यह गंगा के किनारे पर है। माना जाता है कि यहां गंगा में नहाने से सभी पाप धुल जाते हैं। कहते हैं कि यहां पिंड दान करने पर दिवंगत की आत्मा को स्थायी शांति मिलती है।





### ◆ प्रयागराज

प्रयागराज में गंगा-यमुना और सरस्वती नदी के संगम तट पर पूर्वजों का पिंडदान करना अच्छा माना जाता है। यहां पर आत्मा जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाती है।



### ◆ बद्रीनाथ

अलकनंदा के तट पर ब्रह्म कपाल घाट को पिंडदान के लिए शुभ माना जाता है। भक्त पवित्र जल में डुबकी लगाते हैं और पिंड दान करवाते हैं। कहते हैं कि यहां आत्मा को मुक्ति मिलती है और शांति मिलती है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, सोमवार 16 सितंबर, 2024


New Delhi

# जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार! RSS की भी सहमति के बाद मंथन तेज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बिहार देश का ऐसा पहला राज्य था, जहां जातिगत जनगणना कराई गई और फिर उसके आधार पर ही आरक्षण की सीमा को भी बढ़ा दिया गया। यह काम नीतीश कुमार की सरकार ने कराया था और अब वह भाजपा के साथ गठबंधन में हैं। केंद्र सरकार भी उनके सहयोग से चल रही है और राज्य में भी भाजपा और जेडीयू साथ हैं। कई बार जेडीयू की ओर से जातिगत जनगणना की मांग की जाती रही है। इसके अलावा चिराग पासवान ने भी पिछले दिनों ही डिमांड की थी। कांग्रेस, सपा, आरजेडी समेत देश के तमाम बड़े राजनीतिक दल यह मांग लगातार उठा रहे हैं।



अब खबर है कि मोदी सरकार भी इस विकल्प पर विचार कर रही है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि जनगणना के लिए काम शुरू हो चुका है और जल्दी ही इसकी प्रक्रिया का आधिकारिक ऐलान होगा। अभी सरकार इस बात को लेकर भी मानसिक रूप से तैयार है कि यदि जरूरी होगा तो जाति का कॉलम भी जनगणना के फॉर्म में दर्ज किया जाएगा। इस संबंध में भी जल्दी ही फैसला भी हो सकता है। कहा जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व और मोदी सरकार का बदला हुआ रुख आरएसएस के स्टैंड के चलते भी है। हाल ही में आरएसएस की केरल में हुई बैठक के बाद संगठन ने जाति जनगणना के सवाल पर सकारात्मक जवाब दिया था। आरएसएस का कहना था कि हम जाति जनगणना के खिलाफ नहीं है। यदि सामाजिक योजनाएं बनाने में इससे कुछ फायदा मिलता हो तो यह होना चाहिए।

Uttarpradesh

## मथुरा रेलवे स्टेशन पर चोर ने मां को बातों में उलझाया और बच्चे को लेकर हो गया फरार



**मथुरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मथुरा रेलवे स्टेशन पर एक शख्स ने कथित तौर पर मां का ध्यान भटकाने के बाद उसके सात महीने के बच्चे को किडनैप कर लिया. इसको लेकर महिला ने जीआरपी थाने में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर आरोपी व्यक्ति की पहचान कर ली है और उसकी तलाश की जा रही है. राजकीय रेलवे पुलिस मथुरा के थाना प्रभारी समर बहादुर सिंह ने बताया कि आगरा की रहने वाली सुनीता रेलवे स्टेशन के पास मजदूरी करती है. रविवार को पुलिस ने बताया कि सुबह जब वो अपने बच्चे को पिलाने के लिए चबूतरे पर दूध गर्म कर रही थी. उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और बोला कि बच्चे को इतना गर्म दूध मत पिलाओ. उन्होंने बताया कि बाद में उसने बच्चे को अपने हाथों में ले लिया और जब महिला अपना सामान पैक करके एक बैग में रखने लगी तो वह आदमी बच्चे को लेकर गायब हो गया.

Rajasthan

## राजस्थान में दो सड़क हादसों में कुल 11 लोगों की मौत, एक दर्जन से ज्यादा घायल

**सिरोही, (एजेंसी) राजस्थान के सिरोही में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. इस दुर्घटना को लेकर पुलिस ने कहा कि राजस्थान के सिरोही जिले के पिंडवाड़ा इलाके में रविवार रात एक जीप और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई. वहीं इस हादसे में लगभग एक दर्जन अन्य घायल हो गए.**

इस घटना को लेकर सिरोही के एसपी अनिल कुमार ने कहा कि जीप गलत दिशा में जा रही थी और ट्रक से टकरा गई. उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया.

बता दें कि आज ही कोटा में भी हुए एक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. इस घटना को लेकर पुलिस ने कहा कि बूंदी जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी, जिससे छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गई. हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ जब मध्य प्रदेश के देवास जिले के रहने वाले नौ तीर्थयात्री सीकर जिले के खाटू श्याम मंदिर जा रहे थे. मृतकों की पहचान मदन नायक, मांगीलाल नायक, महेश नायक, राजेश और पुनम के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 16-40 साल के बीच थी. मृतकों में से एक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है. हिंडोली पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर पवन मीना ने बताया कि ट्रक सड़क के गलत दिशा में मुड़ गया और वैन से टकरा गया. ट्रक की तलाश शुरू कर दी गई है.

Uttarpradesh

## सोनभद्र में भूस्खलन: पहाड़ से रेलवे ट्रैक पर गिरा मलबा, मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरा; ट्रेनों के थमे पहिए



**सोनभद्र, (एजेंसी)** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के चोपन-चुनार रेलखंड पर चुर्क रेलवे स्टेशन के समीप भारी बारिश से भूस्खलन के चलते पहाड़ का मलबा रेलवे ट्रैक पर आ गया। इससे चुर्क से चोपन की ओर जा रही मालगाडी का इंजन पटरी से उतर गया। घटना रविवार की रात ढाई बजे के आसपास की है। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ट्रैक से मलबा हटाने और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। घटना से ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ।

चोपन-चुनार रूट पर चुर्क रेलवे स्टेशन से अगोरी के बीच के रेलवे ट्रैक पहाड़ के बीच से गुजरा है। रविवार को दिन और फिर रात में हुई तेज बारिश के चलते पहाड़ का एक हिस्सा धंस गया। भारी मात्रा में मलबा गिरने से रेलवे ट्रैक जाम हो गया। घटना पिलर संख्या 159 के समीप 21/19 के बीच हुआ।

इसी बीच कोयला लेने मालगाड़ी चुर्क से चोपन की ओर जा रही थी। ट्रैक पर नजर पड़ी तो चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकने की कोशिश की, मगर ट्रेन रुकने तक इंजन के दो पहिए पटरी से उतर गए थे। चालक ने इसकी सूचना तत्काल चुर्क रेलवे स्टेशन पर दी।

आनन फानन इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों को नजदीकी स्टेशन पर रोक दिया। रेलवे के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। मलबा हटाकर मरम्मत का कार्य शुरू हुआ।

खेल

# इंडिया ए ने 186 रन से जीता मैच, इंडिया बी बनाम इंडिया सी मैच ड्रॉ, कंबोज को मिले आठ विकेट

**अनंतपुर, (एजेंसी) दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले रविवार को समाप्त हो गए। मयंक अग्रवाल की अगुआई में इंडिया ए ने इंडिया डी को चौथे दिन 186 रनों से हरा दिया। वहीं, इंडिया बी और इंडिया सी के बीच अनंतपुर में खेला गया मुकाबला ड्रॉ हो गया। अंशुल कंबोज ने कुल आठ विकेट चटकाए।**



इंडिया डी को जीत के लिए 489 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम दूसरी पारी में 301 रन पर ऑलआउट हो गई। रिकी भुई ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 113 रन बनाए। वह टीम के लिए आखिरी उम्मीद थे, टीम को जीत के लिए 212 रनों की जरूरत थी। कप्तान श्रेयस अय्यर एक बार फिर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। पहली पारी में शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में इंडिया ए के खिलाफ सिर्फ 41 रन बना सके। वहीं, संजू सैमसन ने 40 रन बनाए।

इस जीत से इंडिया ए को छह अंक मिले जिससे टीम खिताब की दौड़ में बनी हुई है। टीम को हालांकि 19 सितंबर से होने वाले अगले मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे इंडिया सी (नौ अंक) के खिलाफ अनुकूल नतीजे की जरूरत होगी। लगातार दो हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हुई इंडिया डी को अगले मैच में दूसरे स्थान पर मौजूद इंडिया बी से भिड़ना है जिसके सात अंक हैं।

इंडिया डी के बल्लेबाजों के लिए कोटियान (73 रन पर चार विकेट) और मुलानी (117 रन पर तीन विकेट) मुसीबत बने रहे। भुई के अलावा किसी भी बल्लेबाज के लिए विकेट पर टिककर खेलना आसान नहीं रहा। भुई ने यश दुबे (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन जोड़े। दुबे के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अगले ओवर में मुलानी ने देवदत्त पडिक्कल को पगबाधा करके भारत डी का स्कोर तीन विकेट पर 105 रन किया।

भुई ने कप्तान श्रेयस अय्यर (41) के साथ चौथे विकेट के लिए 53 और संजू सैमसन (40) के साथ पांचवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। स्पिन गेंदबाजी के लिए अनुकूल पिच पर हालांकि आक्रामक रवैया दिखाने का भारत डी को अधिक फायदा नहीं मिला। श्रेयस और सैमसन को मैन ऑफ द मैच मुलानी ने बोल्ड किया। भुई ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और 170 गेंद में शतक पूरा किया। ऑफ स्पिनर कोटियान ने इसके बाद सारांश जैन (05) की पारी का अंत किया और फिर भुई को रियान पराग के हाथों कैच कराया। कोटियान ने सौरभ कुमार (22) और हर्षित राणा (24) को आउट करके भारत ए की जीत सुनिश्चित की।

सिनेमा

# रविवार को 'स्त्री 2' के कलेक्शन में आया उछाल, एक महीने में कमाए इतने करोड़



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' ने ठान लिया है कि वो बॉक्स ऑफिस पर अपना डर बनाए रखेगी। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी 'स्त्री 2' की रफ्तार को रोक पाना बेहद मुश्किल है। 'स्त्री 2' ने 15 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए आज 32 दिन हो गए हैं। ऐसे में इसकी रफ्तार को देखते हुए लग रहा है कि ये आने वाले कुछ दिनों में 600 करोड़ का आंकड़ा छू लेगी। इस फिल्म ने वीकेंड पर फिर से अपनी रफ्तार पकड़ी है। इसी बीच अब 'स्त्री 2' के रविवार के आंकड़े सामने आ चुके हैं। चलिए जानते हैं 'स्त्री 2' का अब तक का टोटल कलेक्शन... 'स्त्री 2' जहां हर दिन बंपर कमाई कर मालामाल हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ जॉन अब्राहम की 'वेद' और अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' इसके साथ क्लैश का नुक्सान उठा रही हैं। इन दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। वहीं, अगर 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट पर नजर डाली जाए तो ये फिल्म हर वीकेंड जबरदस्त उछाल मारती है। मूवी में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के अलावा पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना की कॉमेडी ने जबरदस्त तड़का लगाया है।

## Highlights

1. **BJP rejects Vij's bid for H'yana CM post, says 'Saini is CM face'**
2. **IP University student dies by suicide after being expelled from hostel**
3. **Bittu was child, Rahul made him MP: Congress on 'terrorist' remark**
4. **TN girl makes PM's portrait using 800 kg millets in 12 hours, sets world record**
5. **Boy playing outside Pune home pushed to ground by 6 dogs, bitten**

# Bengaluru woman hates her Ola e-scooter, hangs placard urging people not to buy it

**NEW DEIHI, (Agency).** A Bengaluru Ola customer expressed her anger against the company's e-scooter by attaching a placard to it- warning people not to purchase the vehicle. IN a post on X, Nisha Gowri shared a photo of her scooter which showed the placard as well. The sign read, "Dear Kannadigas, Ola is a useless two-wheeler. If you buy one, it only makes your life hard. Please do not buy an Ola Electric scooter."



She expressed how much she regretted purchasing the vehicle, owing to which she was using a placard to spread awareness in order to stop other potential customers from buying the Ola e-scooter.

Nisha Gowri had waited for almost a month for the scooter and paid the amount in cash before acquiring it, she said but the vehicle stopped during travel multiple times and the glitch didn't disappear even after the software was updated.

Her post was widely shared on social media with one user commenting, "This lady deserves a standing ovation. Ola has degraded so badly as a company in the last few years. Worst EV."

Another wrote, "Same here. Below 50km it drops all of a sudden to no charge left. And also while riding on harsh road, it makes dabba noise."

This comes after a disgruntled customer set an Ola Electric showroom on fire in Karnataka's Kalaburagi. The customer had been facing persistent issues with the vehicle but was not receiving the required response from the Ola Electric staff, he said. Responding to the incident, Ola condemned the act and announced that legal action would be taken against the person.

# Bajaj Housing Finance shares list at 114% premium over issue price

**NEW DEIHI, (Agency).** Bajaj Housing Finance shares made a strong debut on stock markets today after pre-listing indicative price was at ₹150 per share on both NSE and BSE- a premium of 114 per cent over the IPO issue price. The company - the second-biggest home loan financier in the country by assets under management (AUM) and the hottest float this year - attracted bids worth about $38.60 billion last week.




Ahead of the listing, the company's shares traded with a GMP of 120% to the issue price. The ₹6,560 crore IPO of Bajaj Housing Finance was subscribed nearly 67 times the shares on offer.

Net proceeds from the IPO will be used by the company to address future business needs related to onward lending, it said.

Master Capital Services on the IPO, "Investors should consider a medium- to long-term investment in Bajaj Housing Finance due to its strong growth, extensive presence in the housing finance industry, reputable group and management heritage, and competitive valuation compared to peers."

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक